भारत सरकार से मान्यता प्राप्त

पंजाब रिफ़्लैक्शन
ਪੰਜਾਬ ਰਿਫਲੈਕਸ਼ਨ

punjabreflection@gmail.com

समाज का दर्पण... समाज को अर्पण...

RNI No. PUNBIL/2021/82869

जालंधर, | द्विभाषीय, (हिंदी - पंजाबी) पार्श्विक, | पंजाब रिफ्लैक्शन समाचार पत्र | 17 नवंबर 2026, मंगलवार

ज़रूरी सूचना

ਪਾਠਕਾਂ ਨੂੰ ਸੂਚਨਾ ਹਿੱਤ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਖਬਰਾਂ, ਆਰਟੀਕਲ, ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ, ਕਲਾਸੀਫਾਇਡ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਅਤੇ ਹੋਰ ਛਪਣਯੋਗ ਸਮੱਗਰੀ ਦੇਣ ਲਈ ਸੰਪਰਕ ਕਰੋ।

शिव ज्योति पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 'केएमवी करिज्मा-26' में लहराया सफलता का परचम

सृष्टि अरोड़ा ने नृत्य में प्रथम, सृष्टि ने कैलीग्राफी में तृतीय स्थान किया हासिल; निखिल सूद को मिला प्रशंसा पुरस्कार

जालंधर, 16 नवंबर (एस.के. कपूर)

शिव ज्योति पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और उत्कृष्ट कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए केएमवी, जालंधर द्वारा आयोजित 'केएमवी करिज्मा-2026' की विभिन्न अंतर्विद्यालय प्रतियोगिताओं में शानदार उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या श्रीमती प्रवीण सैली के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी निरंतर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यालय के विद्यार्थियों सृष्टि अरोड़ा, सृष्टि और निखिल सूद ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।प्रतियोगिताओं में बारहवीं कक्षा की छात्रा सृष्टि अरोड़ा ने एकल नृत्य प्रतियोगिता में अपने शानदार नृत्य प्रदर्शन से निर्णायक मंडल को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दसवीं कक्षा की छात्रा सृष्टि ने अपनी सुंदर लेखन शैली औरकलात्मक अभिव्यक्ति का परिचय देते हुए कैलीग्राफी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा के विद्यार्थी निखिल सूद ने पंजाबी भाषण प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रस्तुति देकर प्रशंसा पुरस्कार प्राप्त किया।



पंजाब रिफ्लैक्शन समाचार पत्र के वरिष्ठ संवाददाता एस.के. कपूर से बातचीत करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रवीण सैली ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, कला, संस्कृति, भाषा और व्यक्तित्व विकास के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, मंच पर अपनी बात रखने की क्षमता तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धियां उनकी मेहनत, लगन और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम हैं।

इस शानदार सफलता पर प्रधानाचार्या श्रीमती प्रवीण सैली, डॉ. विदुर ज्योति, चेयरमैन ट्रस्ट, डॉ. सुविक्रमज्योति, चेयरमैन-कम-मैनेजर, मैनेजिंग कमेटी एवं जनरल सेक्रेटरी ट्रस्ट, उपप्रधानाचार्या श्रीमती रमनदीप तथा सहायक उपप्रधानाचार्या श्रीमती ममता अरोड़ा ने विजेता विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

जालंधर कैंट विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यालय का भव्य उद्घाटन

दीपक बाली के माता-पिता सरला देवी एवं धर्मपाल बाली ने किया शुभारंभ; उम्मीदवार घोषित होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

जालंधर , 02/11/26 हरीश शर्मा

जालंधर कैंट आज जालंधर कैंट विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पार्टी उम्मीदवार दीपक बाली के आदरणीय माता श्रीमती सरला देवी एवं पिता श्री धर्मपाल बाली ने विधिवत रूप से कार्यालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला।दीपक बाली को जालंधर कैंट विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इस फैसले का जोरदार स्वागत करते हुए अपनी प्रसन्नता जाहिर की।





दोआबा मीडिया सचिव आत्म प्रकाश सिंह बबलू जी ने कहा कि दीपक बाली बेहद ईमानदार, समझदार और जनता की सेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं। उन्हें जालंधर कैंट से पार्टी का उम्मीदवार घोषित करना बेहद सराहनीय फैसला है। उन्हें पूरा विश्वास है कि दीपक बाली अपनी ईमानदारी, मेहनत और जनसेवा की भावना से जनता का दिल जीतेंगे।

जालंधर लोकसभा इंचार्ज रमनीक सिंह रंधावा जी ने कहा कि दीपक बाली पंजाबी मां-बोली के प्रचार-प्रसार के लिए भी लगातार प्रयास कर रहे हैं। वे पंजाबी भाषा, संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाबी मां-बोली को सम्मान दिलाने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए ऐसे प्रयास सराहनीय हैं।

इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि जालंधर कैंट विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यालय खुलने से इलाके के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अब क्षेत्रवासी अपनी समस्याओं और जरूरी कार्यों के संबंध में सीधे कार्यालय में संपर्क कर सकेंगे। जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर प्रयास किए जाएंगे। यह कार्यालय जनता और पार्टी के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करेगा।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित प्रमुख हस्तियों में लोकसभा इंचार्ज रमनीक सिंह रंधावा, जिला प्रधान अमृतपाल, पंजाब एग्रो के चेयरमैन मंगल सिंह बासी, डिप्टी मेयर मलकीत सिंह, दोआबा यूथ इंचार्ज गुरिंदर सिंह शेरगिल, दोआबा मीडिया सचिव आत्म प्रकाश सिंह बबलू, कैंट संगठन इंचार्ज सुभाष भगत, जिला सचिव जसकरण सिंह, पार्षद मोंटू सभरवाल, पार्षद पति राजेश भाटिया, पार्षद मिंटू जुनेजा, पार्षद पति सुरिंदर सांपला, वार्ड इंचार्ज सिमरनजीत कौर ओबराय, ट्रेड कमिशन हलका कैंट के चेयरमैन बिन्नी जुनेजा, ब्लॉक प्रधान अर्श माहल, विशाल सेखड़ी, सिमरनजीत कौर रंधावा, शुभाष शर्मा, मनजीत सिंह सूरी और वार्ड इंचार्ज इंद्रजीत सिंह सोनू सहित विभिन्न वार्डों के इंचार्ज, सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्य, चेयरमैन तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि दीपक बाली के नेतृत्व में जालंधर कैंट विधानसभा क्षेत्र में पार्टी और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना, उनकी समस्याओं का समाधान करना और विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करना है।

अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए पार्टी की मजबूती और दीपक बाली की सफलता के लिए दिन-रात मेहनत करने का संकल्प लिया।

केएमवी ने कम्युनिटी आउटरीच अभियान के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता कर पेश की मानवता और सामाजिक सरोकारों की मिसाल

एम्पैथी कॉर्नर के माध्यम से विद्यार्थियों ने कपड़े, जूते, खिलौने और खाद्य सामग्री जरूरतमंदों तक पहुंचाई

जालंधर, 16 नवंबर (एस.के. कपूर)

कन्या महाविद्यालय (स्वायत्त), जालंधर द्वारा शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर स्थापित 'एम्पैथी कॉर्नर' में एक विशेष सामाजिक कल्याण अभियान का आयोजन किया गया। कम्युनिटी आउटरीच वैल्यू एडेड प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित इस पहल का संचालन सोशल आउटरीच विभाग एवं इतिहास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सहानुभूति, दयालुता, करुणा और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना था। अभियान में विभिन्न शैक्षणिक संकायों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं सेवा भावना के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने जरूरतमंद एवं वंचित राहगीरों की सहायता के लिए कपड़े, जूते-चप्पल, खिलौने तथा खाद्य सामग्री के पैकेट उदारतापूर्वक उपलब्ध करवाए। इस प्रकार विद्यार्थियों ने अपनी छोटी-छोटी कोशिशों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने का सराहनीय प्रयास किया।



महाविद्यालय का यह 'एम्पैथी कॉर्नर' केवल जरूरतमंदों को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाने का माध्यम ही नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी को मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सेवा से जोड़ने का एक प्रभावशाली मंच भी बन रहा है। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिला कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना और दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने में योगदान देना भी है।

पंजाब रिफ्लैक्शन समाचार पत्र के वरिष्ठ संवाददाता एस.के. कपूर से बातचीत करते हुए महाविद्यालय की निदेशक प्रो. (डॉ.) अतिमा शर्मा द्विवेदी ने बताया कि केएमवी का सदैव प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनमें संवेदनशीलता, सेवा भावना और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे जीवन मूल्यों का विकास किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सामुदायिक गतिविधियां विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों से जोड़ती हैं और उन्हें जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने इस नेक पहल के लिए सोशल आउटरीच विभाग की डीन डॉ. मोनिका शर्मा, समस्त फैकल्टी सदस्यों एवं विद्यार्थी स्वयंसेवकों के समर्पण और सराहनीय प्रयासों की विशेष प्रशंसा की।उन्होंने आगे कहा कि केएमवी शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ ऐसे जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिकों के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है, जो समाज के कल्याण और उत्थान में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस तरह की पहल विद्यार्थियों में सेवा, सहयोग और मानवता के संस्कार विकसित करने के साथ-साथ एक बेहतर एवं संवेदनशील समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है।





भारत सरकार से मान्यता प्राप्त

पंजाब रिफ़्लैक्शन
ਪੰਜਾਬ ਰਿਫਲੈਕਸ਼ਨ

punjabreflection@gmail.com

समाज का दर्पण... समाज को अर्पण...

RNI No. PUNBIL/2021/82869

जालंधर, द्विभाषीय, (हिंदी - पंजाबी) पार्श्विक, पंजाब रिफ्लैक्शन समाचार पत्र 17 नवंबर 2026, मंगलवार

ज़रूरी सूचना

पाठकां नूँ सूचना हिॱत बेनती कीती जांदी है कि खबरां, आरटीकल, इश्तिहार, कलासीफाइड इश्तिहार अते होर छपणयोग सामॱगरी देण लई संपरक करो।

पंजाब की जवानी को नशे की दलदल से निकालने के लिए'पंजाब मांगदा इंसाफ'अभियान समय की बड़ी जरूरत- अनुराधा बंगा

जालंधर , 02/11/26
हरीश शर्मा

जालंधर- पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरदार परगट सिंह जी के नेतृत्व में पंजाब कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए %पंजाब मांगदा इंसाफ% अभियान का महिला कांग्रेस जालंधर शहरी की अध्यक्ष अनुराधा बंगा ने पुरजोर समर्थन किया है। अनुराधा बंगा ने कहा कि सरदार परगट सिंह के नेतृत्व में छेड़ा गया यह अभियान राज्य में बढ़ रहे नशे के रुझान, बिगड़ रही कानून-व्यवस्था और मौजूदा सरकार की नाकामियों के खिलाफ लोगों की आवाज बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।अनुराधा बंगा ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशे के इस दानव के कारण सबसे अधिक मानसिक, सामाजिक और आर्थिक संताप पंजाब की माताओं और बहनों को भोगना पड़ रहा है। उन्होंने मौजूदा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सत्ता में आने से पहले नशा खत्म करने और महिलाओं को सम्मान राशि देने जैसे बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात बद से बदतर हो गए हैं, जिसके कारण आज हर घर में भय और चिंता का माहौल है।जिला अध्यक्ष अनुराधा बंगा ने आगे कहा कि %पंजाब मांगदा इंसाफ% अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी सीधे तौर पर राज्य के किसानों, महिलाओं, व्यापारियों और युवाओं से जुड़कर उनकी समस्याएं सुन रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में पंजाब के सूझवान मतदाता मौजूदा सरकार की नीतियों का हिसाब लेंगे और कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में ही पंजाब की



जवानी, शांति और भविष्य को फिर से सुरक्षित किया जा सकता है।अनुराधा बंगा ने भरोसा दिलाया कि पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरदार परगट सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुसार महिला कांग्रेस जालंधर शहरी की समूची टीम द्वारा 'पंजाब मांगदा इंसाफ' अभियान को वार्ड स्तर पर घर-घर पहुंचाने और महिलाओं को इस आंदोलन से जोड़ने के लिए बड़े स्तर पर लामबंदी की जाएगी।

रास्ता मोहल्ला में मची हरे कृष्ण महामंत्र की धूम-राकेश मग्गो

माहौल भक्ति मय बना हुआ भव्य संकीर्तन - नितांई

जालंधर , 02/11/26
हरीश शर्मा





श्री गौर हरि संकीर्तन मंडल की तरफ़ से कार्तिक मास की शुभ मंगलमय प्रभातफेरी का भव्य अनुष्ठान रास्ता मोहल्ला स्थित श्री सिद्ध बाबा बिल्लियाँ वाला मंदिर कमेटी की ओर से हुआ संकीर्तन का शुभारंभ लक्की, सनी दुआ, दीपक शर्मा, बॉबी मेहता, निताई, सागर, निखिल मेहरा, मुकेश, विपुल सिसोदिया, गौरक्ष दुआ, हर्ष शर्मा, ने मंगला चरण, गुरु वंदना, वैष्णव वंदना, और पंचतत्व से किया विशाल ढक्ष ने वृंदावन, मेरो वृंदावन, वृंदावन धाम अपार, जपे जा राधे राधे, के जोरदार संकीर्तन ने रास्ता मोहल्ला क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया भक्तों ने संकीर्तन की धुन पर नृत्य करते हुए हरे कृष्ण महामंत्र के जयघोष लगाए अश्विनी सेठी ने हरि आ जाओ, हरि आ जाओ, का संकीर्तन करते हुए सभी को ठाकुर जी के नाम के साथ जोड़ते हुए भाव विभोर किया मोहल्ला निवासियों ने प्रभातफेरी में शामिल भक्तों का पुष्पों की भरपूर वर्षा से स्वागत किया श्री चैतन्य महाप्रभु जी की सुंदर छवि सभी को अपनी और आकर्षित कर रही थीं भक्तों ने पालकी में विराजमान ठाकुर जी की आरती, पूजा, करते हुए भोग निवेदन भी किये सनी दुआ ने गोविंद जय जय , गोपाल जय जय, का संकीर्तन करते हुए हरे कृष्ण महामंत्र के जयघोष से भगवान् की वंदना की प्रभात फेरी मंदिर से होती हुई दुआ परिवार, टिंकू शर्मा, कीर्ति शर्मा, बॉबी टंडन, राघव रत ?ा, निखिल मेहरा, विक्की मेहरा, मनी दुआ, विपुल सिसोदिया, सोनू मनचंदा, रिंकू शर्मा, सोनू मेहरा, मुकेश खत्री, नारंग परिवार, मैग्गी, संजीव कुमार वर्मा, गगन कुमार, मानव नारंग, राजू मेहरा,के निवास स्थान पर संकीर्तन करती हुई पहुंची जहां प्रभात फेरी का प्रभु भक्तों ने भव्य स्वागत किया और संकीर्तन की मधुर थाप पर नृत्य करते हुए प्रभु नाम का गुणगान किया मोहल्ला निवासियों की तरफ़ से भगवद् प्रसाद की व्यवस्था की गई इस मंगलमय सुअवसर पर सहयोग करने वाले पुनीत ठाकुर, समीर कक्क ?, आकाश मल्होत्रा, दीपक शर्मा, बॉबी मेहता, राकेश मग्गो, विपन कुमार, सागर, मयंक, निताई, गौरांग, मनी दुआ, हर्ष दुआ, राजीव टंडन, बाशी, बॉबी मेहता, लक्की, विशाल ढक्ष, गोकुल दास, हर्ष शर्मा, गौरक्ष दुआ, सुशांत शर्मा, साहिल, मिंटू, राजेश, हैप्पी, सुरिंदर , गोविंदरपाल दुआ,विक्की, विपुल सिसोदिया, संजीव शर्मा, टिंकू शर्मा, गोविंद शर्मा, आदर्व शर्मा, कीर्ति, रूबी, डिंपल ऋषि, संतोष रानी, वीना दुआ, मैग्गी वर्मा, यशोदा दासी, पल्लवी, ईशा दुआ, माधवी, सुनीता, गीता कश्यप, रजनी, राधिका,सिमरन, नीतिका शर्मा, डॉली, माया आंटी, संतोष रानी, सरोज कुमारी, रोशनी, पुष्पा, संगीता, रोज़ी, रेखा, मूर्ति देवी, बिमला देवी, राखी, बब्ली, साध्वी, रीना देवी, के साथ और भी भक्त इस संकीर्तन का आनंद लेते हुए प्रभु भक्ति में लीन हो भगवान के नाम में मग्न हो झूमते नृत्य कर रहे थे

संक्राति पर किया गया दान सौ गुना फल देता है -एस के राम पाल

जालंधर , 02/11/26
हरीश शर्मा




श्री महालक्ष्मी निष्काम सेवा समिति की तरफ से हर माह की तरह इस बार भी संक्राति पर लंगर का आयोजन किया इस बार कैनेडा से वरिंदर शर्मा तथा उनके परिवार की तरफ लंगर में विशेष सहयोग राजिव शर्मा, सुमन शर्मा तथा आदित्य शर्मा द्वारा दिया गया समिति द्वारा मंदिर में आने वाली संगत को खीर , कड़ी चावल का लंगर प्रशाद वितरित किया गया समिति के महासचिव ने कहा कि संक्राति पर किया गया दान कभी व्यर्थ नही जाता प्रधान एस के राम पाल ने सभी को माघ मास में तुलसी विवाह तथा आंवला पूजन की सभी को बधाई दी इस मौके सदस्यों ने कहा कि हमें सेवा भाव की प्रेरणा मंदिर के ट्रस्टी अविनाश चोपड़ा जी से मिली है उन्ही के आर्शीवाद से मंदिर में ऐसे आयोजन चलते रहते हैं आज के इस लंगर में अरविंद कुमार देव, राकेश कुमार देव, अरुण देव, दविंद्र चोपड़ा, दत्त प्रकाश इंग्रिश, हरीश हांडा , रविंद्र खुराना , के के बाहरी,, कमलेश चड्ढा,डा. एस पी मागो, प्रमोद गुप्ता,विनोद बतरा, राजन डोगरा, सुदेश सेठ, वी के शौरी, राजेश कुमार कार्तिक अग्रवाल, राजेश खेड़ा वी के शौरी, प्रमोद गुप्ता, अश्वनी भागी ,ने भी सहयोग किया

हवन यज्ञ तथा ध्वजारोहण के साथ आरंभ हुआ तुलसी एवं आवंला पूजन महोत्सव

ऐतिहासिक श्री वृन्दा देवी मंदिर में 16 से 24 नवंबर तक चलेगा धार्मिक आयोजन

जालंधर , 02/11/26
हरीश शर्मा









महानगर के कोट किशन चंद में ऐतिहासिक श्री तुलसी माता की जन्म स्थली श्री वृन्दा देवी मंदिर में तुलसी एवं आंवला पूजन महोत्सव का शुभारंभ हवन यज्ञ तथा ध्वजारोहन के साथ हुआ सुबह मंदिर कमेटी तथा अन्य भक्तजन की उपस्थिति में पंडित ने पूरे विधिवत तथा मंत्रों उच्चारण के साथ हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाई हवन यज्ञ उपरांत मुख्य अतिथि विधायक बावा हैनरी ने ध्वजारोहण कर इस महोत्सव का शुभारंभ किया इस मौके पर श्री देवी तालाब मंदिर के महासचिव राजेश विज, विधायक बावा हैनरी, अनिल शर्मा तथा अन्य गणमान्यों को मंदिर कमेटी की तरफ से चुनरी डालकर सम्मानित किया गया इस मौके पर प्रधान हरिपाल सोंधी ने बताया कि 16 से 24 नवंबर तक प्रतिदिन भजन कीर्तन किया जायेगा 17 नवंबर को गोपाष्टमी, 18 नवंबर को आंवला नवमी तथा 20 नवंबर को तुलसी विवाह का विशेष कार्यक्रम किया जायेगा 23 नवंबर को 365 ज्योति प्रज्वलितजकिए जाएंगे तथा 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का पर्व मनाया जायेगा उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध इस महोत्सव में बड़ी संख्या में मां के भक्तजन मां जी का आर्शीवाद लेने के लिए मंदिर में नतमस्तक होते हैं आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो उसके लिए पूरे प्रबंध किए गए हैं आज हवन यज्ञ तथा ध्वजारोहन उपरांत लंगर का भी आयोजन किया गया था मंदिर कमेटी की तरफ से प्रधान बलराम कपूर, सभा पति हरिपाल सोंधी, महासचिव राजिंदर राजा, कोषाध्यक्ष महेश कालिया, वरिष्ठ उप प्रधान गुलशन शर्मा, उप प्रधान जीवन शर्मा, सह कोषाध्यक्ष ललित मितल, मेला इंचार्ज प्रिंस सोंधी तथा अन्य सदस्य मौजूद थे

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत धार्मिक स्थलों के दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं से कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने की विशेष मुलाकात

भार्गव कैंप के वार्ड नंबर 44 और 45 में श्रद्धालुओं ने साझा किए यात्रा के सुखद अनुभव

जालंधर , 02/11/26
हरीश शर्मा

आज भार्गव कैंप के वार्ड नंबर 44 और 45 में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करके लौटे श्रद्धालुओं के साथ पंजाब के कैबिनेट मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने विशेष मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से आत्मीयता के साथ बातचीत की और यात्रा के दौरान प्राप्त उनके अनुभवों, धार्मिक भावनाओं तथा विचारों को ध्यानपूर्वक सुना।इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मिली सुविधाओं और धार्मिक स्थलों के दर्शन करने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से उन्हें धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिला, जिससे उनकी लंबे समय से चली आ रही धार्मिक आस्था और इच्छा पूरी हुई। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश के हर



वर्ग के लोगों को धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिले और कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य मजबूरियों के कारण इस सौभाग्य से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि धार्मिक यात्रा से मनुष्य को आत्मिक शांति मिलती है और समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सद्भावना की भावना मजबूत होती है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का मुख्य उद्देश्य लोगों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए उन्हें तीर्थ स्थलों के दर्शन की सुविधा उपलब्ध करवाना है।

श्री भगत ने आगे कहा कि पंजाब सरकार लोगों की धार्मिक, सामाजिक और बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच जाकर उनसे सीधे संवाद करना और उनके अनुभवों एवं सुझावों को सुनना भी बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि उनकी जरूरतों को बेहतर ढंग से समझा जा सके।इस अवसर पर श्री हरचंद सिंह संधू (संगठन इंचार्ज), श्री राकेश राणा (हलका इंचार्ज, ह्रस्व), श्री संजीव कुमार अंगुराल (वाइस हलका इंचार्ज, ह्रस्व) और श्री बलविंदर कुमार (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जालंधर, द्विभाषीय, (हिंदी - पंजाबी) पार्श्विक, पंजाब रिफ्लैक्शन समाचार पत्र 17 नवंबर 2026, मंगलवार

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना से श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था को मिल रहा सम्मान मोहिंदर भगत

धार्मिक स्थलों के दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं से कैबिनेट मंत्री ने की विशेष मुलाकात, सुने यात्रा के अनुभव

भार्गव कैंप के वार्ड नंबर 44 और 45 में श्रद्धालुओं ने साझा की यात्रा की यादें

जालंधर, 16 नवंबर (राम पाल भगत)

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करके लौटे श्रद्धालुओं से पंजाब के कैबिनेट मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने भार्गव कैंप के वार्ड नंबर 44 और 45 में विशेष मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ आत्मीयता से बातचीत करते हुए उनकी धार्मिक भावनाओं, यात्रा के अनुभवों और विचारों को विस्तारपूर्वक सुना।

मुलाकात के दौरान श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए अपने यात्रा अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से उन्हें विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिला, जिससे उनकी लंबे समय से चली आ रही धार्मिक इच्छा पूरी हुई। श्रद्धालुओं ने यात्रा के दौरान मिले सहयोग और व्यवस्थाओं के बारे में भी अपने विचार रखे।



पंजाब रिफ्लैक्शन समाचार पत्र के वरिष्ठ संवाददाता राम पाल भगत से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने बताया

स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिले। आर्थिक अथवा अन्य मजबूरियों के कारण कोई भी व्यक्ति अपनी धार्मिक आस्था से जुड़ी इच्छा पूरी करने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु तीर्थ स्थलों की यात्रा कर सकें।

श्री भगत ने कहा कि तीर्थ यात्रा केवल धार्मिक स्थलों के दर्शन तक सीमित नहीं होती, बल्कि इससे व्यक्ति को मानसिक एवं आत्मिक शांति भी प्राप्त होती है। ऐसी यात्राएं लोगों में आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भावना को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी और उनकी संतुष्टि इस प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के महत्व को दर्शाती है।

कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि पंजाब सरकार लोगों की धार्मिक, सामाजिक और बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ लोगों तक पहुंचना जरूरी है। इसके लिए जनता के बीच जाकर उनसे सीधा संवाद करना, उनकी समस्याएं सुनना और उनके सुझावों को समझना भी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने श्रद्धालुओं के सुखद यात्रा अनुभवों को सुनते हुए कहा कि लोगों की प्रतिक्रिया से योजनाओं के क्रियान्वयन को और बेहतर बनाने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना भी की।

इस मौके पर श्री हरचंद सिंह संधू (संगठन इंचार्ज), श्री राकेश राणा (हलका इंचार्ज, हल्क़ू), श्री संजीव कुमार अंगुराल (वाइस हलका इंचार्ज, हल्क़ू) तथा श्री बलविंदर कुमार (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अक्षय शर्मा को मिला हल्का उत्तरी के वरिष्ठ भाजपा नेताओं का समर्थन

युवाओं के नेतृत्व और वरिष्ठ नेताओं के अनुभव के समन्वय से क्षेत्र के विकास को गति देने का किया आह्वान

अमृतसर 16 नवंबर (एस.के. कपूर)

आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अमृतसर के हल्का उत्तरी में राजनीतिक गतिविधियां तेज होती दिखाई दे रही हैं। इसी कड़ी में भाजपा नेता अक्षय शर्मा को हल्का उत्तरी के कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं का समर्थन मिला। वार्ड नंबर 16 में भाजपा के सक्रिय नेता कुकी महाजन की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों और आगामी चुनावों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पप्पू महाजन, डॉ. राजीव देव, मंडल प्रधान चरणजीत सिंह, संजीव शर्मा, टंडन जी और बॉबी जी सहित कई भाजपा नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने अक्षय शर्मा के साथ अपने विचार साझा किए और उन्हें अपना समर्थन व्यक्त किया।



संवाददाता एस.के. कपूर से बातचीत करते हुए अक्षय शर्मा

पंजाब रिफ्लैक्शन समाचार पत्र के वरिष्ठ संवाददाता एस.के. कपूर से बातचीत करते हुए अक्षय शर्मा ने बताया कि पंजाब को विकास, रोजगार और बेहतर बुनियादी सुविधाओं की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वह युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठ नेताओं के राजनीतिक अनुभव को साथ लेकर हल्का उत्तरी के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना चाहते हैं।

अक्षय शर्मा ने कहा कि पंजाब के विकास और बेहतर भविष्य को लेकर उनकी प्राथमिकताओं में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, क्षेत्र में विकास कार्य और आम लोगों की समस्याओं का समाधान शामिल है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं का उत्साह, वरिष्ठ नेताओं का अनुभव और कार्यकर्ताओं की एकजुटता क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियों को नई दिशा दे सकती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग और समर्थन की अपील करते हुए कहा कि वह हल्का उत्तरी की जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने के इच्छुक हैं।

बैठक के दौरान उपस्थित भाजपा नेताओं के बीच आपसी विचार-विमर्श हुआ और संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।

अन्नपूर्णा मंदिर में आँवला पूजन महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रद्धा एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ हवन यज्ञ

गोपाष्टमी पर होगा गोपूजन, तुलसी-सालिगराम विवाह की तैयारियां शुरू; 20 नवंबर को मंदिर में होगा ठाकुर जी की बारात का भव्य स्वागत

जालंधर, 16 नवंबर (एस.के. कपूर)

पावन कार्तिक मास के उपलक्ष्य में अन्नपूर्णा मंदिर, कोट किशन चंद, जालंधर में आयोजित होने वाले आँवला पूजन महोत्सव की धार्मिक गतिविधियों के अंतर्गत आज श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ हवन यज्ञ करवाया गया। पंडित विष्णु प्रसाद जोशी जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन संपन्न करवाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

हवन यज्ञ में श्रीमती शैली ऋषि एवं श्री संदीप ऋषि मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। इनके अतिरिक्त श्रीमती मृदुला रुद्रा एवं श्री सुरेश रुद्रा तथा श्रीमती रीटा शर्मा एवं श्री अशोक शर्मा ने भी यजमान के रूप में आहुतियां अर्पित कीं। विशेष उल्लेखनीय है कि श्री



अशोक शर्मा एवं श्री सुरेश रुद्रा आगामी तुलसी-सालिगराम विवाह समारोह में भी यजमान की भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान डॉ. अनिल ज्योति ने बताया कि कार्तिक मास भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में विशेष धार्मिक महत्व रखता है। इस माह में पूजा-पाठ, हवन, दान-पुण्य एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालु आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं। मंदिर कमेटी द्वारा प्रत्येक वर्ष धार्मिक परंपराओं को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है, ताकि नई पीढ़ी भी अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ी रहे।

पंजाब रिफ्लैक्शन समाचार पत्र के वरिष्ठ संवाददाता एस.के. कपूर से बातचीत करते हुए मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान डॉ. अनिल ज्योति ने बताया कि आँवला पूजन महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में कई महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 17 नवंबर को गोपाष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर की गौशाला में प्रातः 11 बजे गोपूजन किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गोचारण लीला का शुभारंभ किया था। इस अवसर पर गौमाता की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की जाएगी।

उन्होंने आगे बताया कि 17 नवंबर की शाम को तुलसी-सालिगराम विवाह के उपलक्ष्य में वर पक्ष ठाकुर जी के घर अन्नपूर्णा मंदिर से शगुन भेजा जाएगा। 18 नवंबर को आँवला नवमी, जिसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है, श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन किए गए जप, तप, दान एवं पुण्य कर्मों का फल अक्षय माना जाता है। इसी दिन शाम 3 बजे तुलसी-सालिगराम विवाह के उपलक्ष्य में तुलसी माता को मेंहदी लगाई जाएगी।

डॉ. अनिल ज्योति ने बताया कि 19 नवंबर को विवाह समारोह की परंपरा के अनुसार जागो निकाली जाएगी, जबकि 20 नवंबर को प्रातः 11:30 बजे अन्नपूर्णा मंदिर में ठाकुर जी की बारात का भव्य स्वागत किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों को लेकर मंदिर कमेटी एवं महिला संकीर्तन मंडल द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से इन धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक कमेटी के महासचिव श्री प्रवीण महाजन, श्री विपन ज्योति, श्री भारत भूषण ज्योति, श्री राकेश शर्मा, श्री गोपाल कृष्ण सोनी, श्री पंकज ज्योति, श्री प्रदीप शर्मा, श्री हितेंद्र कपूर, श्री लक्की कपिला, श्री राजेन्द्र ज्योति, श्री अश्विनी हाण्डा, श्री ईश चोपड़ा, राघव ज्योति, श्री राजेश नोना, पंडित विनय जेतली, श्री सांवरा खिंदरिया, श्री आशीष गोल्डी, श्री नरेश दीवान, श्री हरीश मुरगई सहित नगर के गणमान्य व्यक्ति एवं महिला संकीर्तन मंडल की सदस्य उपस्थित रहीं।

समूचा आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपराओं के प्रति समर्पण का सुंदर उदाहरण बना।

डा. रितू भाटिया ने छठ पूजा में नतमस्तक होकर सभी के मंगल की कामना की



पंजाब रिफ्लैक्शन समाचार पत्र

जालंधर 16 नवंबर (हरीश शर्मा)

शम्मी जैन सेवा सोसायटी की अध्यक्षा एव समाज सेविका डा. रितू भाटिया ने डी.ए.वी. कालेज के नजदीक नहर के घाट पर छठ पूजा पर हुए कार्यक्रम में भाग लिया तथा सभी को छठ पूजा की बधाई देते हुए उन्होंने सभी के मंगल की कामना भी की।

उन्होंने बताया कि छठ महापर्व के पहले दिन यानी नहाय-खाय पर व्रती सुबह जल्दी उठकर स्नान करते हैं, कई श्रद्धालु गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करते हैं, इसके बाद घर और रसोई की अच्छी तरह साफ-सफाई की जाती है।

इस दिन से ही व्रती सात्विक लाइफस्टाइल अपनाते हैं और मन, वचन तथा कर्म की शुद्धता का संकल्प लेते हैं, नहाय-खाय के दिन घर में विशेष रूप से कद्दू की सब्जी, चने की दाल और चावल तैयार किए जाते हैं,

इस भोजन को कद्दू-भात कहा जाता है, भोजन में प्याज और लहसुन का प्रयोग नहीं किया जाता, कई घरों में इसे मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर बनाया जाता है।

दूसरे दिन दिनभर का निर्जला व्रत रखकर शाम को गन्ने के रस या गुड़ की खीर का प्रसाद बनाया जाता है और भगवान सूर्य व छठी मैया को भोग लगाया जाता है। इसके बाद करीब 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास शुरू होता है। तीसरे दिन बांस के सूप में ठेकुआ, मौसमी फल और पूजन सामग्री सजाकर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया जाता है। पूजा के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम में मौजूद डा. रितू भाटिया व अन्य।



जालंधर, द्विभाषीय, (हिंदी - पंजाबी) पाक्षिक, पंजाब रिफ्लैक्शन समाचार पत्र 17 नवंबर 2026, मंगलवार

डॉ. जसलीन सेठी ने मास्टर तारा सिंह नगर में सड़क निर्माण और ट्यूबवैल के काम का किया निरीक्षण

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं, जनता के पैसे का सही इस्तेमाल सुनिश्चित करे नगर निगम - डॉ. जसलीन सेठी

पंजाब रिफ्लैक्शन
समाचार पत्र

जालंधर 16 नवंबर
(हरीश शर्मा)





सीनियर कांग्रेस नेता एवं वार्ड-30 की पार्षद डॉ. जसलीन सेठी ने आज मास्टर तारा सिंह नगर में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों और पार्क में लगाए जा रहे ट्यूबवैल के काम का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदारों और नगर निगम अधिकारियों को निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का पूरी तरह पालन करने की हिदायत देते हुए कहा कि सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए।

डॉ. सेठी ने कहा कि पंजाब सरकार और नगर निगम विकास के दावे तो कर रहे हैं, लेकिन इन कार्यों की गुणवत्ता और निगरानी सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है। जनता के टैक्स का पैसा विकास कार्यों पर खर्च होता है, इसलिए हर काम टिकाऊ और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही या घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत मिलने पर संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

उन्होंने मेयर वनीत धीर से अपील की कि शहर में चल रहे विकास कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए और अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए जाएं। डॉ. सेठी ने कहा कि शहरवासियों को प्रचार नहीं, बल्कि बेहतर बुनियादी सुविधाएं और टिकाऊ विकास चाहिए। जनता के हितों और सरकारी धन के उचित इस्तेमाल को लेकर वह लगातार आवाज उठाती रहेंगी।

मोहिंदर भगत ने छठ पूजा में नतमस्तक होकर सभी वर्गों की खुशहाली की अर्दास की

मान सरकार की भाईचारे की साझ और लोक कल्याण के प्रति वचनबद्धता को दोहराया

पंजाब रिफ्लैक्शन
समाचार पत्र

जालंधर 16 नवंबर
(हरीश शर्मा)



पंजाब के बागवानी और रक्षा सेवाएँ कल्याण मंत्री मोहिंदर भगत ने आज बिस्त दोआब कैनाल के अलावा विभिन्न घाटों पर छठ पूजा संबंधी आयोजित समारोहों में शिरकत की। इस अहम मौके पर श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए उन्होंने परमात्मा के आगे स्थायी शांति, खुशहाली और भाईचारे की साझ बनाए रखने की अर्दास की।

इस मौके पर इकट्ठे लोगों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री, पंजाब सरदार भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली सरकार सभी धर्मों का बराबर सम्मान करती है और प्रदेश में शांति तथा सभी वर्गों में भाईचारे की साझ बनाए रखने के लिए अपनी वचनबद्धता के प्रति दृढ़ है।

इस अहम समारोह की तैयारियों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुख्ता प्रबंध पहले ही पूरे कर लिए गए थे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंधों के लिए विभिन्न धार्मिक संगठनों के साथ पहले ही मीटिंगें की जा चुकी थी। त्योहार से पहले आवश्यक प्रबंध किए गए थे, जिनमें साफ-सफाई अभियान, सभी घाटों की सुचारु तैयारी, नहर में आवश्यक पानी की आपूर्ति और श्रद्धालुओं की सुरक्षा आदि शामिल थे। पंजाब को गुरुओं और संतों की पवित्र धरती बताते हुए श्री भगत ने कहा कि पंजाब सरकार उनके द्वारा दिखाए मार्ग और शिक्षाओं पर चलते हुए समाज के हर वर्ग की भलाई और तरक्की के लिए सक्रियता से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा अनेक लोक कल्याण योजनाएँ शुरू की गई है,जिनका उद्देश्य लोगों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाना है और इनके माध्यम से मुख्यमंत्री, पंजाब सरदार भगवंत सिंह मान द्वारा प्रदेश को खुशहाल और 'रंगला पंजाब' बनाने के सपने को साकार किया जा रहा है।

इस अवसर पर पार्षद मनीष, पार्षद गुरजीत घुम्मन,सौरभ सेठ,कमल लोच,गगन वसीन उपस्थित थे।

वेस्ट विधानसभा में आम आदमी पार्टी को बड़ा सियासी झटका, ब्राह्मण वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन गौरव जोशी ने AAP से दिया इस्तीफा, भाजपा में हुए शामिल

मंत्री मोहिंदर भगत और उनके बेटे को ठहराया इस्तीफे के लिए जिम्मेदार, बोले- आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी में भारी अंतर

पंजाब रिफ्लैक्शन
समाचार पत्र

जालंधर 16 नवंबर
(हरीश शर्मा)



वेस्ट विधानसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी को उस समय बड़ा सियासी झटका लगा, जब ब्राह्मण वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन गौरव जोशी ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। गौरव जोशी ने अपने इस्तीफे के लिए पंजाब के मंत्री मोहिंदर भगत और उनके बेटे को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की कथनी और करनी में भारी अंतर है। पार्टी में जिस तरह के काम करने का दावा किया जाता है, वास्तविकता उससे बिल्कुल अलग है।

आज जालंधर भाजपा कार्यालय में भाजपा जालंधर जिला प्रधान अशोक सरीन हिक्की के नेतृत्व में गौरव जोशी ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर पंजाब भाजपा महामंत्री एवं जालंधर जोनल प्रभारी परमिंदर बराड़, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पंजाब भाजपा प्रधान मनोरंजन कालिया, पूर्व विधायक एवं पंजाब भाजपा एससी मोर्चा प्रधान शीतल अंगुराल, के.डी. भंडारी, दिनेश ढल , पंजाब भाजपा सचिव अमरजीत अमरी , पंजाब भाजपा सचिव करमजीत कौर चौधरी,जिला महामंत्री दविंदर भारद्वाज दीपक तेलू और योगेश धीर सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

भाजपा नेताओं ने गौरव जोशी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और भाजपा की विकासवादी विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार लोग पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं।

वेस्ट विधानसभा क्षेत्र में गौरव जोशी का भाजपा में शामिल होना आम आदमी पार्टी के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका है।



भाजपा ने दो नए प्रकोष्ठों की घोषणा की, संजय सहगल और हिमांशु चोपड़ा को बनाया संयोजक

पंजाब रिफ्लैक्शन
समाचार पत्र

जालंधर 16 नवंबर
(हरीश शर्मा)



भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक सरीन, जिला महामंत्री योगेश धीर और जिला समन्वयक संजीव शर्मा %मणि% की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से दो नए प्रकोष्ठों की घोषणा की गई तथा नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं।

घोषणा के अनुसार, संजय सहगल को चिकित्सा प्रकोष्ठ तथा हिमांशु चोपड़ा को जीरामजी प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया गया। दोनों नवनियुक्त संयोजकों ने संगठन की रूपरेखा के अनुसार अपने-अपने प्रकोष्ठों में एक-एक सह-संयोजक की नियुक्ति भी की है।

वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में प्रकोष्ठों और मोर्चों की रहेगी अहम भूमिका - नेतृत्व इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक सरीन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को तथा उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान जिला महामंत्री योगेश धीर और जिला समन्वयक संजीव शर्मा %मणि% ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी के सभी प्रकोष्ठों और मोर्चों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए पदाधिकारियों के जुड़ने से पार्टी का संगठन जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त होगा तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

